SIONS
IDORS




pment Corporation Limited
/ATPS/O&M/01/2019-20
ctor for Complete
nance of 2 x 125 MW
ota Thermal Power
10 years
Complete Operation and
/ Lignite Based Akrimota
Nanichher, Tal.: Lakhpat,
rs. The e-Tender documents
websites with effect from
https://gmdc.nprocure.com,
Ph: 079-27912962/3501,
gmdcltd.com

ग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
NNING & DESIGN INSTITUTE LTD.
diary of Coal India Ltd.)
nchi-834031, Jharkhand, INDIA
AX No. +91-0651-2230875
& http://eprocure.gov.in/cppp
C TENDER :
(II) KALYANPUR-BADALPARA BLOCK
rough CIL portal the: (i) Regional/
de of Sakhigopal A Block, Talcher
Odisha, (ii) Detailed coal exploration
l Coalfield of Dumka District in the
General Terms & Condition, Letter of
en and downloaded from http://
2019 onwards. Office of the General
ed for details/clarification on Phone
rs to 17.30 Hrs. (IST) or through
Fax.
On and behalf of CMPDIL
General Manager (Exploration)

# LORDS CHLORO ALKALI LIMITED

CIN : L24117RJ1979PLC002099
REGD. OFFICE : SP-460 MATSYA INDUSTRIAL AREA, ALWAR - 301030 (RAJASTHAN)
CORPORATE OFFICE : A - 264, FIRST FLOOR, DEFENCE COLONY, NEW DELHI - 110024
Tel. : +91-11-46865999, 41627937, Fax : +91-11-46865930 Email : secretarial@lordschloro.com Web: www.lordschloro.com

## Extract of Financial Results for the Quarter and Year Ended 31st March, 2019

(Rs in Lakhs)

| PARTICULARS | QUARTER ENDED | | | YEAR ENDED | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2019 (Audited) (Refer Note 2) | 31.03.2018 (Audited) (Refer Note 2) | 31.12.2017 (Unaudited) | 31.03.2019 (Audited) | 31.03.2018 (Audited) |
| Total income | 5,838.67 | 5,659.05 | 6,622.34 | 25,163.26 | 17,055.80 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 456.59 | 578.41 | 1,086.61 | 3,371.76 | 1,461.20 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 456.59 | 578.41 | 1,086.61 | 3,371.76 | 1,461.20 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 330.42 | 266.64 | 772.99 | 2,298.92 | 847.25 |
| Total comprehensive income for the year [(comprising profit/ (Loss) for the year and other comprehensive income (after tax))] | 360.53 | 226.71 | 769.04 | 2,301.39 | 815.67 |
| Paid up Equity Share Capital (face value of Rs. 10/- each) | 2,515.39 | 2,515.39 | 2,515.39 | 2,515.39 | 2,515.39 |
| Earnings per share (of Rs. 10/- each) (for continuing operations) : | | | | | |
| a) Basic | 1.31 | 1.06 | 3.07 | 9.14 | 3.37 |
| b) Diluted | 1.31 | 1.06 | 3.07 | 9.14 | 3.37 |

**Notes :**

1) The above financial results were reviewed and recommended by the audit committee and further considered & approved by the Board of Directors at their meeting held on May 29, 2019 and also have been audited by the Statutory Auditors of the Company.
2) The figures for the quarter ended 31 March, 2019 and 31 March, 2018 are the balancing figures between the audited figures in respect of the full financial year and the unaudited published figures upto nine months of the relevant financial year.
3) The above is an extract of the detailed format of the Audited financial results for the quarter and year ended on 31st March, 2019 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Audited financial results for the quarter and year ended on 31st March, 2019 are available on the stock exchange website, www.bseindia.com and on the Company website www.lordschloro.com.
4) The above results have been prepared in accordance with the companies (Indian Accounting Standard) Rules, 2015 (IND AS) as prescribed under section 133 of the companies Act 2013.

FOR LORDS CHLORO ALKALI LIMITED
Sd/-
Ajay Virmani
(Managing Director)
DIN: 00758726

Place : New Delhi
Date : 29/05/2019

## सार समाचार

### भारत की यात्रा करेंगे अमेरिकी राजनयिक

**वॉशिंगटन, भाषा।** अमेरिकी राजनीतिक-सैन्य मामलों के लिए अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री क्लार्क कूपर भारत और अमेरिका के बीच समुद्री सुरक्षा सहित द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने तथा एक ''बड़े रक्षा साझेदार'' के तौर पर नयी दिल्ली की भूमिका का समर्थन करने के लिए अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे। कूपर 29 मई से सात जून तक सिंगापुर, भारत और श्रीलंका की यात्रा पर हैं। विदेश विभाग ने बुधवार को यह घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपने दूसरे कार्यकाल के लिए बृहस्पतिवार को शपथ ग्रहण के बाद कूपर भारत की यात्रा करने वाले अमेरिका के वरिष्ठतम अधिकारी होंगे। कूपर 31 मई से दो जून तक 'शांगरी ला' वार्ता में शामिल होने के बाद भारत के साथ रक्षा सहयोग एवं शांतिरक्षा पर बात करेंगे, जो ट्रम्प प्रशासन की हिंद-प्रशांत रणनीति के अनुसार तेजी से बढ़ती अमेरिका-भारत साझेदारी के दो अहम क्षेत्र हैं। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा, ''अमेरिका-भारत द्विपक्षीय रक्षा व्यापार 2008 में लगभग शून्य था, जो आज बढ़ कर 15 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। वार्ता में एक बड़े रक्षा साझेदार के रूप में भारत की भूमिका को समर्थन देने, सुरक्षा सहयोग को विस्तार देने और अमेरिकी उद्योग के लिए अवसर बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।''

### फेसबुक नहीं हटा रहा है नैंसी पेलोसी का वीडियो

**सैन फ्रांसिस्को, एपी।** अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की लड़खड़ाती ज़ुबान वाला जो वीडियो पिछले हफ्ते फेसबुक पर आया था, उसे इस सोशल नेटवर्किंग साइट ने नहीं हटाया है। इस वीडियो में उनकी आवाज के साथ छेड़छाड़ की गई है। वहीं, फेसबुक ने वीडियो के प्रसार को सीमित करने के इरादे से इसे 'डाउनरैंक' कर दिया है। इसे लेकर कुछ लोग गुस्से में हैं, जिनका मानना है कि फेसबुक को गलत सूचना के प्रसार पर रोक लगाने के लिए और अधिक काम करना चाहिए। इस वीडियो के फर्जी होने की बात जानते हुए भी इसे नहीं हटाने को लेकर पेलोसी ने बुधवार को फेसबुक की आलोचना की।

विश्व समाचार / कूटनीति

# नेतन्याहू गठबंधन सरकार बनाने में असफल, फिर होंगे चुनाव

**यरूशलम ■ भाषा**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बुधवार रात से पहले गठबंधन सरकार बनाने में नाकाम रहने के बाद इजराइली सांसदों ने अभूतपूर्व कदम उठाते हुए बृहस्पतिवार को संसद भंग करने के पक्ष में मतदान कर दिया जिससे नेतन्याहू इजराइली इतिहास में पहले नामित प्रधानमंत्री बन गए हैं, जो सरकार बनाने में असफल रहे। देश में अब 17 सितंबर को फिर से आम चुनाव कराए जाएंगे।

इजराइली सांसद करीब छह सप्ताह पहले ही निर्वाचित हुए थे। उन्होंने 21वीं नेसेट (इजराइली संसद) को भंग करने और इसी कैलेंडर वर्ष में दूसरी बार आम चुनाव कराने के पक्ष में 45 के मुकाबले 74 मतों से प्रस्ताव पारित किया। नेतन्याहू ने नौ अप्रैल को हुए चुनाव में रिकॉर्ड पांचवीं बार उल्लेखनीय जीत हासिल की थी। उनकी यह जीत अस्थायी साबित हुई क्योंकि वह चरम पुरातनपंथी यहूदी शिक्षण संस्थानों के छात्रों को सेना में अनिवार्य भर्ती से छूट देने संबंधी एक सैन्य विधेयक को लेकर गतिरोध को तोड़ने में नाकाम रहे।

उनके और इजराइल के पूर्व रक्षा मंत्री अविग्दोर लिबरमैन के बीच विधेयक को लेकर मतभेद के कारण गठबंधन नहीं हो सका।

राष्ट्रवादी दल 'यिजराइल बेतेन्यू' पार्टी से संबंध रखने वाले लिबरमैन ने अति-धर्मनिष्ठ यहूदी दलों के साथ आने के लिए यह शर्त रखी थी कि उन्हें अनिवार्य सैन्य सेवा में छूट देने के अपने मसौदे में परिवर्तन करने होंगे। मतदान से पहले लिबरमैन ने कहा कि इजराइल में इसलिए चुनाव कराने होंगे क्योंकि सत्तारूढ पार्टी लिकुड ने अति धर्मनिष्ठ यहूदी दलों के आगे पूर्ण आत्मसमर्पण कर दिया।

'यिजराइल बेतेन्यू' के बिना नेतन्याहू 120 सदस्यीय सदन में केवल 60 सांसदों का समर्थन ही हासिल कर सके और केवल एक मत से बहुमत साबित करने से चूक गए। संसद भंग करने के फैसले के बाद नेतन्याहू ने कहा, ''अविग्दोर लिबरमैन अब वाम का हिस्सा हैं। उन्होंने दक्षिणपंथी सरकार को गिरा दिया। उन पर दोबारा भरोसा नहीं करें। इसके बारे में मैं आपको कल जानकारी दूंगा। संभव है कि मैं आपको ऐसी बात बताऊं जो आपको पता ही न हो।'' नेतन्याहू ने कहा, ''इजराइल में जनता ने स्पष्ट फैसला दिया। यह फैसला हुआ कि लिकुड दक्षिणपंथी सरकार का प्रतिनिधित्व करेगी, मैं प्रधानमंत्री बनूंगा ।'' कई राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच अहम की लड़ाई के कारण राजनीतिक संकट हुआ और इसका कोई वैचारिक आधार नहीं है। राजनीति में नेतन्याहू और लिबरमैन का जुड़ाव 31 साल पहले हुआ जब लिबरमैन ने उनके उपविदेश मंत्री के कार्यकाल के दौरान मदद की थी ।

नेतन्याहू की सत्तारुढ़ लिकुद पार्टी के नेसेट को भंग करने के कदम से यह सुनिश्चित हो गया कि राष्ट्रपति रुवेन रिवलिन नयी सरकार गठित करने के लिए किसी अन्य सांसद को आमंत्रित नहीं कर पाएंगे।

## द. अफ्रीका के मंत्रिमंडल में 50 फीसदी महिलाएं

**जोहानिसबर्ग ■ भाषा**

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने अपनी नयी कैबिनेट में भारतीय मूल के दो नेताओं और 50 प्रतिशत महिलाओं को शामिल किया है। इस तरह, यहां की सरकार लैंगिक समानता के मामले में दुनिया के गिने-चुने देशों में शुमार हो गई है। रामफोसा ने कैबिनेट मंत्रियों की संख्या 36 से घटा कर 28 कर दी है।

पिछले प्रशासन में कई मंत्रियों के भ्रष्टाचार में संलिप्त होने के आरोपों को लेकर व्यापक स्तर पर जताई गई चिंता के मद्देनजर रामफोसा ने ज्यादातर दागी नेताओं को मंत्री नहीं बनाया है, लेकिन कुछ को बरकरार रखा है।

उनके मंत्रिमंडल में भारतीय मूल के दो मंत्री- प्रवीण गोवर्धन और इब्राहिम पटेल- शामिल किए गए हैं नये मंत्रियों में आधी महिलाएं हैं, इस तरह दक्षिण अफ्रीकी सरकार दुनिया में लैंगिक समानता वाली सरकारों में शुमार हो गई है। उन्होंने सत्तारूढ़ अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस (एएनसी) पार्टी को इस महीने की शुरूआत में हुए चुनावों में 57.5 प्रतिशत बहुमत के साथ जीत दिलाई। भ्रष्टाचार के आरोपी जैकब जुमा के पिछले साल अपदस्थ होने के बाद रामफोसा राष्ट्रपति के पद पर आसीन हुए थे और उन्होंने मंत्री पदों की संख्या बढ़ाई थी।

रामफोसा (66) ने इन मंत्रियों की नियुक्ति की घोषणा करते हुए बुधवार को कहा, ''यदि हमें इस जनादेश को प्रभावी बनाना है तो हमें एक सक्षम, प्रभावी और नैतिकता के साथ काम करने वाली सरकार की जरूरत होगी। '' उनकी इस घोषणा का प्रसारण राष्ट्रीय स्तर पर टेलीविजन पर किया गया। रामफोसा ने भ्रष्टाचार से लड़ने और देश की संघर्षरत अर्थव्यवस्था में नयी जान फूंकने का संकल्प लिया है।

## मलेशिया के प्रधानमंत्री का साझा एशियाई मुद्रा का प्रस्ताव

**टोक्यो ■ एएफपी**

मलेशिया के प्रधानमंत्री मोहम्मद महातिर ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूर्वी एशिया देशों को आपस में व्यापार के लिए एक साझा क्षेत्रीय मुद्रा शुरू करने पर विचार करना चाहिए। उनका सुझाव है कि प्रस्तावित मुद्रा का आधार सोना हो जिससे क्षेत्र में व्यापार का प्रसार हो और अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता खत्म हो।

महातिर ने कहा कि यह प्रस्तावित मुद्रा क्षेत्रीय व्यापार के लिए होगी और देश अपनी अपनी घरेलू मुद्राओं का चालन बनाए रखेंगे। टोक्यो में 'फ्यूचर ऑफ एशिया' मंच को संबोधित करते हुए महातिर ने कहा, '' यदि सुदूर पूर्व को एक साथ आना है तो हमें व्यापार के लिए एक साझा मुद्रा शुरू करने पर विचार करना चाहिए। लेकिन प्रस्तावित मुद्रा का उपयोग स्थानीय स्तर पर नहीं होगा। यह सिर्फ व्यापार संबंधी लेनदेन के लिए होगी।''

उन्होंने कहा कि अभी हम अमेरिकी डॉलर पर निर्भर करते हैं। लेकिन अमेरिकी डॉलर भी स्थायी नहीं है। इसलिए प्रस्तावित मुद्रा सोने पर आधारित होनी चाहिए जो डॉलर के मुकाबले अधिक स्थायी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय मुद्रा की विनिमय दर हर देश के प्रदर्शन के आधार पर निर्भर करेगी। इससे क्षेत्रीय व्यापार को आसान बनाने में मदद मिलेगी। महातिर ने कहा इस तरह से हमें पता होगा कि हमारे ऊपर कितना उधार है और हमें एशिया की मुद्रा में कितना भुगतान करना है। महातिर दूसरी बार मलेशिया के प्रधानमंत्री बने हैं। पिछले साल उन्होंने मलेशिया में एक बड़ी जीत दर्ज की थी।

## भारत के साथ लगने वाले पाक हवाई क्षेत्र 15 जून तक बंद रहेंगे


**इस्लामाबाद ■ भाषा**

पाकिस्तान ने भारत के साथ लगने वाली अपनी पूर्वी सीमा के आस-पास के हवाई क्षेत्र को बंद रखने की अवधि को 15 जून तक बढ़ा दिया है। देश के नागर विमानन प्राधिकरण (सीएए) ने यह जानकारी दी है। पाकिस्तान ने भारतीय वायु सेना की तरफ से बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के प्रशिक्षण शिविर पर किए गए हमले के बाद फरवरी में अपना हवाईक्षेत्र पूरी तरह से बंद कर दिया था। देश ने नयी दिल्ली, बैंकॉक और कुआलालम्पुर को छोड़ अन्य सभी स्थानों तक जाने वाली उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र 27 मार्च को खोल दिया था।

पाकिस्तान ने 15 मई को भारत तक जाने वाली उड़ानों के लिए अपने हवाईक्षेत्र पर लगाए गए प्रतिबंध को 30 मई तक बढ़ा दिया था। नागर विमानन प्राधिकरण (सीएए) की ओर से एयरमैन के लिए जारी नोटिस (नोटैम) के मुताबिक भारत के साथ लगने वाली पूर्वी सीमा के आस-पास का हवाई क्षेत्र 15 जून सुबह पांच बजे तक (स्थानीय समानुसार) बंद रहेगा। सीएएम की ओर से जारी एक अलग नोटैम के अनुसार पंजगूर हवाईक्षेत्र पश्चिमी देशों से आने वाली पारगमन उड़ानों के लिए खुला रहेगा क्योंकि एअर इंडिया पहले से इस हवाईक्षेत्र का इस्तेमाल कर रही है। पाकिस्तान ने 21 मई को भारत की विदेश मंत्री सुषमा स्वराज को किर्गिस्तान के बिशकेक में हुए एससीओ सम्मेलन में शामिल होने के लिए सीधे पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र से गुजरने की अनुमति दी थी।

## इमरान और मोदी के बीच कोई बैठक तय नहीं: कुरैशी

**पाक विदेश मंत्री ने कहा भारत में मनमोहन सिंह जैसे मजबूत नेतृत्व की जरुरत है।**



**जेद्दा ■ वार्ता**

पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने गुरुवार को कहा है कि प्रधानमंत्री इमरान खान और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच कोई बैठक निर्धारित नहीं है।

श्री कुरैशी जेद्दा में इस्लामिक समन्वय संगठन(ओआईसी) की बैठक में हिस्सा लेने आये हैं। उन्होंने कहा कि श्री खान ने श्री मोदी के साथ बैठक की संभावनाओं से इंकार नहीं किया है। विदेश मंत्री ने कहा भारत में श्री मनमोहन सिंह जैसे मजबूत नेतृत्व की जरुरत है।


उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमेशा से भारत के साथ बातचीत पर जोर देता रहा है। श्री कुरैशी ने कहा कि यदि दोनों देशों के प्रधानमंत्री किसी बैठक अथवा समरोह में मुलाकात करते हैं तो यह सकारात्मक संकेत होगा और दोनों पड़ोसी देशों के बीच अच्छी शुरुआत होगी।

विदेश मंत्री ने कहा कश्मीर में युवकों का प्रदर्शन उनकी चिंता को दर्शाता है। वह ओआईसी में जम्मू एवं कश्मीर सत्र को संबोधित कर रहे थे।

कारपोरेट हलचल

# सेंसेक्स में 330 अंक की उछाल

**मुंबई ■ वार्ता**



विदेशी बाजारों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच एनटीपीसी, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस जैसी दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली के दम पर गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार ऊंची छलांग लगाकर एक बार फिर नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए।

बिजली, यूटिलिटीज और दूरसंचार क्षेत्र की कंपनियों में हुई लिवाली से बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 329.92 अंक की तेजी के साथ 39,831.97 अंक पर रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 84.80 अंक की बढ़त के साथ 11,945.90 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। अमेरिका और चीन के बीच तनाव के गहराने से दुनिया भर के शेयर बाजारों में निवेश धारणा कमजोर रही। हालांकि, लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करने वाले श्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में आज दोबारा शपथ लेना है, जिससे घरेलू बाजार के प्रति निवेशकों का मनोबल बढा रहा। ऐसे कयास लगाये जा रहे हैं कि श्री मोदी प्रधानमंत्री के रूप में अपेन दूसरे कार्यकाल में आर्थिक मोर्चे पर अधिक सजग होंगे, जिससे निवेश धारणा मजबूत रही।

मजबूत धारणा के दम पर सेंसेक्स बढ़त के साथ 39,580.28 अंक पर खुला। बाजार में शुरुआती पहर में वैश्विक कारणों से बिकवाली रही लेकिन बाद में सेंसेक्स ने मजबूत वापसी की। कारोबार के दौरान यह 39,911.92 अंक के दिवस के उच्चतम और 39,500.56 अंक के दिवस के निचले स्तर से होता हुआ गत दिवस की तुलना में 0.84 प्रतिशत चढ़कर 39,831.97 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियां हरे निशान में और 10 लाल निशान में रहीं।

निफ्टी भी तेजी के साथ 11,865.30 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान यह 11,968.55 अंक के दिवस के उच्चतम और 11,859.40 अंक के दिवस के निचले स्तर से होता हुआ गत दिवस की तुलना में 0.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 11,945.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी की 50 में से 32 कंपनियां बढ़त में और 18 गिरावट में रहीं ।

दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी और मंझोली कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। बीएसई का मिडकैप 0.40 प्रतिशत यानी 59.68 अंक की तेजी में 15,061.35 अंक पर और स्मॉलकैप 0.20 प्रतिशत यानी 29.90 अंक की बढ़त में 14,964.15 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में कुल 2,712 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,243 में तेजी और 1,311 में गिरावट रही जबकि 158 कंपनियों के शेयरों के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## सोना 150 रुपये टूटा, चांदी 75 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली, भाषा।** स्थानीय जौहरियों की कमजोर मांग से बृहस्पतिवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 150 रुपये टूटकर 32,870 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। हालांकि, औद्योगिक इकाइयों तथा सिक्का विनिर्माताओं का उठाव बढ़ने से चांदी 75 रुपये चढ़कर 37,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख तथा घरेलू हाजिर बाजार में स्थानीय आभूषण विनिर्माताओं की मांग घटने से सोने की कीमतों में गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना नुकसान के साथ 1,277.10 डॉलर प्रति औंस पर चल रहा था जबकि चांदी भी गिरावट के साथ 14.48 डॉलर प्रति औंस पर थी। दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता 150-150 रुपये टूटकर क्रमशः 32,870 रुपये और 32,700 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। गिन्नी के भाव 26,500 रुपये प्रति आठ ग्राम पर स्थिर रहे। इससे पिछले दो सत्रों में सोना 250 रुपये चढ़ा था। चांदी हाजिर 75 रुपये के लाभ से 37,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, वहीं साप्ताहिक डिलिवरी 88 रुपये टूटकर 36,095 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। चांदी सिक्का लिवाल 79,000 रुपये और बिकवाल 80,000 रुपये प्रति सैकड़ा पर कायम रहा।

**Rajasthan Petro Synthetics Ltd.**

Regd. Office : Flat No. 201, 8-B, Oasis Tower, New Navratan Complex, Bhuwana, Udaipur- 313001, (Rajasthan)
Corporate Office: S-4,Second Floor, Pankaj Central Market,I.P. Extension, New Delhi-110092
Tel. No.: 011-41326013, E-mail: investors@rpsl.co.in, CIN: L17118RJ1983PLC002658, Website: www.rpsl.co.in

**Extract of Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March, 2019**

(Figures Rs. in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Year ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Audited 31.03.2019 | Unaudited 31.12.2018 | Audited 31.03.2018 | Audited 31.03.2019 | Audited 31.03.2018 |
| Total income from operations (net) | 6.00 | 7.61 | 6.91 | 26.74 | 30.02 |
| Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax | 0.89 | 0.49 | 0.05 | 3.01 | 1.26 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Extraordinary items) | 0.89 | 0.49 | 0.05 | 3.01 | 1.26 |
| Equity Share Capital | 1618.93 | 1618.93 | 1618.93 | 1618.93 | 1618.93 |
| Earnings Per Share (before extraordinary items) (of 10/- each) Basic : Diluted: | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.02 | 0.01 |
| Earnings Per Share (after extraordinary items) (of 10/- each) Basic : Diluted : | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.02 | 0.01 |

Notes:
1. The above Financial results were reviewed by the Audit committee and taken on record by the Board of Directors in their meeting held on 29th May, 2019.
2. The above is an extract of the detailed Financial Results filled with the Stock Exchange under regulation 33 of the SEBI (Listing and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015.The full format is available on Company's website at www.rpsl.co.in and also on the Stock Exchange websites i.e. www.bseindia.com and www.nseindia.com.
3. Figures for the previous period have been regrouped/reclassified wherever necessary, to conform to current period's classification to make them Ind AS compliant.

For Rajasthan Petro Synthetics Ltd.
Sd/-
B.R. Goyal
Chairman
DIN:01659885

Place : New Delhi
Dated : 29th May, 2019

## भारत करेगा अतंरराष्ट्रीय सहकारी व्यापार मेले की मेजबानी

**नई दिल्ली ■ भाषा**

सहकारी उपक्रमों के बीच व्यापार एवं प्रौद्योगिकी के आदान - प्रदान को बढ़ावा देने और भारत के उत्पादों एवं सेवाओं को अंतरराष्ट्रीय सहकारी बाजार में प्रदर्शित करने के लिए अक्टूबर में देश में पहली बार अंतरराष्ट्रीय सहकारी व्यापार मेले का आयोजन किया जाएगा। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

इंडिया इंटरनेशनल कॉ - ऑपरेटिव व्यापार मेला (आईआईसीटीएफ) 11-13 अक्टूबर को प्रगति मैदान में आयोजित किया जाएगा। विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (आर्थिक कूटनीति एवं राज्य) मनोज के भारती ने विभिन्न दूतावासों के प्रतिनिधियों , राजनयिकों और राजदूतों की मौजूदगी में यहां मेले की घोषणा की। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, 'यह पहली बार होगा कि भारत अंतरराष्ट्रीय सहकारी मेले की मेजबानी करेगा। हम विभिन्न देशों के इसमें बड़े पैमाने पर भागीदारी लेने की उम्मीद कर रहे हैं। मेले का उद्देश्य घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहकारी उपक्रमों के बीच व्यापार को बढ़ावा देना और भारत के उत्पादों एवं सेवाओं को वैश्विक सहकारी बाजार के सामने रखना है।' राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के प्रबंध निदेशक संदीप कुमार नायक ने कहा कि एनसीडीसी तेलंगाना और हरियाणा की सरकारों के साथ सहकारी कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। ये प्रमुख राज्य साझेदार है। इसके अलावा इफको , इंडियन पोटाश लिमिटेड (आईपीएल) और अमूल सहकारी क्षेत्र के भागीदार के रूप में काम कर रहे हैं। मेले का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर सकते हैं। नायक ने कहा , 'यह आयोजन दुनिया भर के विभिन्न सहकारी समितियों को एक दूसरे के साथ सीधे व्यापार करने की सुविधा देगा। भारत कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से लेकर अन्य क्षेत्रों के लिए विभिन्न देशों से प्रौद्योगिकी लेने पर विचार कर रहा है।

**लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड**

सीआईएन : L24117RJ1979PLC002099
पंजी. कार्यालय : एसपी-460, मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र, अलवर-301030 (राजस्थान)
कार्पोरेट कार्यालय : ए-264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024
फोन : +91-11-46865999, 41627937, फैक्स : +91-11-46865930, ई-मेल : secretarial@lordschloro.com, वेब : www.lordschloro.com

**31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

(रू. लाख में)

| विवरण | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2019 (लेखापरीक्षित) (नोट 2 देखें) | 31.03.2018 (लेखापरीक्षित) (नोट 2 देखें) | 31.12.2017 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2019 (लेखापरीक्षित) | 31.03.2018 (लेखापरीक्षित) |
| कुल आय | 5,838.67 | 5,659.05 | 6,622.34 | 25,163.26 | 17,055.80 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 456.59 | 578.41 | 1,086.61 | 3,371.76 | 1,461.20 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 456.59 | 578.41 | 1,086.61 | 3,371.76 | 1,461.20 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 330.42 | 266.64 | 772.99 | 2,298.92 | 847.25 |
| वर्ष हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 360.53 | 226.71 | 769.04 | 2,301.39 | 815.67 |
| प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रत्येक) | 2,515.39 | 2,515.39 | 2,515.39 | 2,515.39 | 2,515.39 |
| प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (जारी प्रचालनों हेतु) : | | | | | |
| (क) मूल | 1.31 | 1.06 | 3.07 | 9.14 | 3.37 |
| (ख) तनुकृत | 1.31 | 1.06 | 3.07 | 9.14 | 3.37 |

नोट्स :
1) उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित एवं संस्तुत और निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 29 मई, 2019 को सम्पन्न उनकी बैठक में विचारित एवं अनुमोदित किए गए हैं तथा कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा भी लेखापरीक्षित किए गए हैं।
2) 31 मार्च, 2019 तथा 31 मार्च, 2018 को समाप्त तिमाही हेतु आंकड़े पूर्ण वित्तीय वर्ष के संबंध में लेखापरीक्षित आंकड़ों और संबंधित वित्तीय वर्ष के नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित प्रकाशित आंकड़ों के बीच संतुलनकारी आंकड़े हैं।
3) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए 31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। 31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्जेज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.lordschloro.com पर उपलब्ध है।
4) उपरोक्त परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 (आईएनडी एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं।

वास्ते लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड
हस्ता./-
अजय विरमानी
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 00758726

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 29-05-2019

**WINSOME BREWERIES LIMITED**

(CORPORATE IDENTIFICATION NUMBER : L15511RJ1992PLC014556)
Regd. Office : Vill. : Sarehkhurd, Tehsil Tijara, Distt. Alwar (Rajathan)
Corp. Office: D-61, Okhla Industrial Area, Phase-I, New Delhi - 110 020
Ph.: 011-26811299, 2707, Fax : 011-26815222, Email : rkb@winsomeindia.in, Website : www.winsomeindia.in

**EXTRACT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED ON 31ST MARCH, 2019**

(Amount in 'Lakhs' (Rs.) except EPS)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2019 Audited | 31.12.2018 Unaudited | 31.03.2018 Audited | 31.03.2019 Audited | 31.03.2018 Audited |
| 1 | Total income from Operations | - | - | 1,290.13 | - | 2,704.66 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraodinary items) | (1.86) | (81.48) | (197.73) | (199.00) | 160.86 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and /or Extraordinary items) | (1.86) | (81.48) | (197.73) | (199.00) | 160.86 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 100.53 | (81.48) | (125.67) | (96.61) | 116.83 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax ) and other Comprehensive Income (after Tax)] | 130.41 | (81.48) | (124.77) | (66.73) | 117.73 |
| 6 | Equity Share Capital | 2,766.89 | 2,766.89 | 2,766.89 | 2,766.89 | 2,766.89 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of previous year) | - | - | - | 1,097.41 | 1,164.13 |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | | | |
| | Basic : | 0.36 | (0.29) | (0.45) | (0.35) | 0.42 |
| | Diluted: | 0.36 | (0.29) | (0.45) | (0.35) | 0.42 |

Notes:
1 The above is an extract of the detailed format of Results submitted with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Results available on the website of Stock Exchange at www.bseindia.com and on Company website at www.winsomeindia.in
2 The above results were reviewed by the Audit committee, and thereafter approved by the Board of Directos in their meetings held on 30th May, 2019.
3 The Audited Financial Results of the Company have been prepared in accordance with the Indian Accounting Standard (Ind AS) notified under the Companies (Indian Accounting Standard) Rules, as amended.
4 The Statutory Auditor of the Company have carried out the audit of Financial Results for the quarter and year ended 31st March, 2019 pursuant to Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.
5 Previous year/Quarter figures have been regrouped / reclassified, wherever necessary.

For Winsome Breweries Limited
Sd/-
Rajendra Kumar Bagrodia
(Chairman Cum Managing director)
DIN: 00178250

Date: 30/05/2019
Place: New Delhi